ई–मेल / अति महत्वपूर्ण

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून

Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand

Phone/ Fax:- 0135-2531424/2530431 E-mail: eicpwduk@nic.in

Web-http:// pwd.uk.gov.in

पत्रांक– 58 / कैम्प(4) / वा0गो0आ0–1 / 2017 दिनांक– 31 मई 2017

सेवा में,

समस्त मुख्य अभियन्ता स्तर–I / II
(सिविल / रा0मा0 / यू0ई0ए0पी0 / यू0एस0आर0आई0पी0 / यू0डी0आर0पी0 / पी0एम0जी0एस0वाई0)
लोक निर्माण विभाग,
उत्तराखण्ड।

विषय : **सहायक / प्रभारी सहायक अभियन्ताओं की विगत 10 वर्षो की वार्षिक गोपनीय आख्याओं का सार उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

संदर्भः शासन का पत्र संख्या 650 / III(1) / 17–09(01) / सामान्य / 2016 दिनांक 30.05.17 एवं प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 का पत्रांक 1189 / 01व्यक–सा0 / 17 दिनांक 31.05.2017

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा शासन ने लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड में कार्यरत समस्त सहायक / प्रभारी सहायक अभियन्ताओं की विगत 10 वर्षो की वार्षिक गोपनीय आख्याओं का सार उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्दिष्ट किया गया है।

अधिकांश सहायक / प्र0 सहायक अभियन्ताओं की कतिपय अवधियों की वार्षिक गोपनीय आख्या एवं नवनियुक्त सहायक अभियन्ताओं के वार्षिक गोपनीय आख्या फोल्डर / वा0गो0आ0प्रपत्र विभागाध्यक्ष कार्यालय अभिलेखों में उपलब्ध नहीं है। चूँकि सहायक अभियन्ता स्तर के अधिकारियों के स्वीकृताधिकारी मुख्य अभियन्ता है। अतः इनकी अद्यतन चरित्र पंजिका आपके कार्यालय में होंगी।

अतः निर्दिष्ट किया जाता है, कि अपने क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत समस्त सहायक / प्रभारी सहायक अभियन्ताओं की विगत 10 वर्षो की एवं नवनियुक्त सहायक अभियन्ताओं की वर्ष 2015–16 तक की वार्षिक गोपनीय आख्याओं का सार <u>**तत्काल निश्चित रूप से मेल / वाहक के माध्यम**</u> से इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। **प्रकरण महत्वपूर्ण है। अतः आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।**

(आर0सी0पुरोहित)
मुख्य अभियन्ता स्तर–1(मु0)
लो0नि0वि0, देहरादून।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड को उनके संदर्भित पत्र के क्रम में सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. समस्त अधीक्षण अभियन्ता......................वृत्त, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड....................।

मुख्य अभियन्ता स्तर–1(मु0)
लो0नि0वि0, देहरादून।